रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पश्चिम मध्य रेल
Railway Recruitment Cell, West Central Railway
आर.बी.-IV, 290, स्टेशन रोड, साउथ सिविल लाइंस, जबलपुर.482001
RB- IV, 290, Station Road, South Civil lines, Jabalpur-482001
Website:-www.wcr.indianrailways.gov.in

सत्यमेव जयते

# जीडीसीई–01/2022 के अंतर्गत **NTPC (Graduate & Under Graduate)** के पदों हेतु अतिरिक्त सीबीटी के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना (संदर्भ– महत्वपूर्ण सूचना दिनांक– 11/09/2024)

––0––

रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर द्वारा जारी अधिसूचना संख्या– जीडीसीई–01/2022 (NTPC- Graduate & Under Graduate Posts) के अंतर्गत स्टेशन मास्टर, सीनियर क्लर्क कम टाईपिस्ट, कॉमर्शियल कम टिकट क्लर्क एवं जूनियर क्लर्क कम टाईपिस्ट पदों के लिए अतिरिक्त सीबीटी परीक्षा **दिनांक 16/10/2024** को केवल **जबलपुर शहर** में आयोजित की जायेगी।

अतः सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे अतिरिक्त सीबीटी परीक्षा के लिए तैयार रहें। ई–बुलावा पत्र डाउनलोड करने की लिंक शार्ट नोटिस पर पश्चिम मध्य रेल की आधिकारिक वेबसाइट www.wcr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध करायी जावेगी जिसमें परीक्षा केन्द्र की जानकारी, रिपोर्टिंग समय, इत्यादि की जानकारी भी उपलब्ध रहेगी।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि उन्हें निम्न अनुदेशों की अनुपालना अनिवार्य रूप से करनी है–

1. ई–बुलावा पत्र में दिए गए रिपोर्टिंग समय से पहले ही उम्मीदवार परीक्षा केंद्र में रिपोर्ट करें ताकि परीक्षा आरंभ होने से पहले ही उम्मीदवार सारी आवश्यक गतिविधियाँ जैसे उम्मीदवार का सत्यपान, बायोमेट्रिक कैप्चर (अंगूठे का निशान और फोटो), दस्तावेज संग्रह, अनुदेशों की घोषणा और लॉगिंग इन आदि पूरी कर सकें।

2. उम्मीदवार निम्नलिखित समय–निर्धारण नोट करें। सीबीटी की अवधि 90 मिनट 100 प्रश्नों के लिए होगी

| पारी 1 (NTPC Graduate) | पारी 2 (NTPC Under Graduate) |
|---|---|
| रिपोर्टिंग समय 08:15 (पूर्वान्ह)<br>गेट बंद होने का समय 09:15 (पूर्वान्ह)<br>परीक्षा आरंभ होने का समय 10:00 (पूर्वान्ह) | रिपोर्टिंग समय 11:45 (पूर्वान्ह)<br>गेट बंद होने का समय 12:45 (अपरान्ह)<br>परीक्षा आरंभ होने का समय 01:30 (अपरान्ह) |

3. ई–बुलावा पत्र में दी गई तिथि एवं पारी के लिए निर्धारित समय पर गेट बंद होने के समय के बाद यदि कोई उम्मीदवार आता है तो उसे परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

4. उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा से एक दिन पहले परीक्षा केंद्र और वहाँ तक पहुँचने के सारे उपलब्ध माध्यमों की जांच कर लें, ताकि परीक्षा के दिन वे निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पहुँच सकें।

5. परीक्षा के समय सत्यापन के लिए, ई–बुलावा पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। कम से कम एक मूल एवं वैध फोटो पहचान पत्र जैसे–कर्मचारी पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, पैन कार्ड, वोटर आई डी, आधार, ई–आधार प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है, (अर्थात् फोटोकॉपी, स्कैन या एक्स्पायर दस्तावेज न हो)। इनके नहीं होने पर उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा।

6. ई बुलावा पत्र के आर आर सी वाले खंड के लिए निर्दिष्ट जगह में पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकाना होगा, जो ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपलोड किए गए फोटो के समान हो ।

7. ई–बुलावा पत्र केवल परीक्षा की तारीख और उसमें दिए गए निर्दिष्ट पारी समय तक के लिए ही वैध होगा।

8. **किसी भी प्रतिबंधित आइटम/ इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे कि मोबाइल फोन, पेजर, घड़ी, ब्लूटूथ इनेबल्ड उपकरणों, कैल्कुलेटर आदि नहीं लाएं क्योंकि उसे परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। सीबीटी के दौरान कोई वर्चुअल कैलकुलेटर उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।** परीक्षा हॉल के बाहर आपके निजी सामान रखने हेतु कोई सुविधा उपलबध नहीं होगी तथा इनके गुम होने पर आर.आर.सी. उत्तरदायी नहीं होगा। केवल ई–बुलावा पत्र और फोटो पहचान पत्र की मूल प्रति के साथ ही परीक्षण हॉल के अंदर प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।

9. प्रश्न पत्र केवल हिंदी और अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध होगा। किसी भी प्रश्न एवं उसके विकल्प में विवाद की स्थिति में उस विशिष्ट प्रश्न का अंग्रेजी संस्करण वैध होगा।

10. गलत उत्तर के लिए निगेटिव मार्किंग होगी। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक की कटौती होगी।

11. पश्चिम मध्य रेल की वेबसाइट पर मॉक टेस्ट लिंक उपलब्ध करायी जावेगी जिससे कि उम्मीदवार परीक्षा के दिन दिए गए प्रश्नों को देखने और उत्तर दिए जाने वाली पद्धति से परिचित हो सकें।

12. परीक्षा कक्ष में किसी भी तरह का कदाचार/अनुचित साधनों/दुर्व्यवहार/ अनुशासनहीनता में शामिल होने से/प्रतिरूपण करने से उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उन्हें रेलवे में सभी आरआरसी द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं एवं नियुक्ति से वंचित कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त नियमानुसार कार्यवाही भी की जायेगी।

13. परीक्षा के समय रफ कार्य के लिए दी गई रफ शीट में भी उम्मीदवार को अपना नाम एवं अनुक्रमांक संख्या उल्लिखित करना होगा। यह रफ शीट, परीक्षा के पश्चात् अनुवीक्षक को वापस करनी होगी।

14. परीक्षा के लिए उम्मीदवार को केन्द्र तक पहुंचने के लिए यात्रा और आवास की व्यवस्था स्वयं करनी पड़ेगी।

15. ई – बुलावा पत्र अस्थायी होगा, जो उम्मीदवार के ऑनलाइन आवेदन में दी गई पात्रता शर्तों जैसे – शैक्षणिक अर्हता, वर्ग, आदि जानकारी की चयन प्रक्रिया की आगे के चरणों में की जाने वाली जांच पर निर्भर होगा।

16. परीक्षा केन्द्र पर अनुवीक्षक द्वारा यदि कोई विशेष निर्देश दिये जायेंगे तो उनका कड़ाई से अनुपालन किया जाना चाहिए।

17. किसी भी परिस्थिति में परीक्षा की तिथि/परीक्षा केंद्र में परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।

18. केवल ई – बुलावा पत्र के जारी करने का तात्पर्य यह नहीं होगा कि उम्मीदवार पद के लिए पात्र है। उसकी उम्मीदवारी पूर्णतः अस्थायी होगी तथा तत्पश्चात् भर्ती के किसी भी चरण में यह उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है अथवा पाई गई किसी विसंगति/अयोग्यता की स्थिति में यह रद्द की जा सकती है।

19. आरआरसी के पास यह अधिकार है कि वह किन्हीं उम्मीदवारों अथवा सभी उम्मीदवारों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित करने के आदेश जारी कर सकता है।

20. सभी मामलों में रेल भर्ती प्रकोष्ठ का निर्णय अंतिम होगा तथा उम्मीदवारों को इससे सहमत होना होगा।

उम्मीदवार आगामी अपडेट के लिए पश्चिम मध्य रेल की आधिकारिक वेबसाइट www.wcr.indianrailways.gov.in का अवलोकन करते रहें।

**आवश्यक सूचना** – कृपया उन बेईमान तत्वों से सावधान रहें जो अवैध विचार पर नियुक्ति के लिए उन्हें चयनित करने के झूठे वादों के साथ उम्मीदवारों को गुमराह कर सकते हैं। आरआरसी में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है और चयन पूरी तरह से उम्मीदवारों की योग्यता पर आधारित है। ऐसे किसी भी व्यक्ति के संबंध में सूचना रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, जबलपुर (0761–2624045) को सभी संभावित विवरणों/साक्ष्यों के साथ दी जाए, ताकि इस संबंध में उचित और आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## दलाल, ब्रोकर्स और जॉब रैकेटर्स से सावधान रहें। केवल मेरिट ही आपको रेलवे नौकरी दिला सकती है।

दिनांक– 30/09/2024

स्थान– जबलपुर

अध्यक्षा
रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर